अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेशः—

सामान्य अनुदेशः

- अभ्यर्थी को वित्तीय लाभ केवल एक बार और केवल एक परीक्षा के लिए दिए जाएंगे अर्थात् यदि कोई अभ्यर्थी यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर लेता है और साथ में एसएससी द्वारा आयोजित संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर लेता है तो वित्तीय लाभ केवल एक परीक्षा के लिए दिए जाएंगे।

ऑनलाइन आवेदन भरना शुरू करने से पहले अभ्यर्थी को निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज तैयार रखने चाहिएः—

- वैध ई—मेल आईडी सहित उसका व्यक्तिगत ब्यौरा
- उसका स्कैन किया हुआ फोटो और स्कैन किए हुए हस्ताक्षर
- अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित होने का उसका स्वयं का घोषणा—पत्र या अल्पसंख्यक समुदाय प्रमाण—पत्र अर्थात् मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी। वेबसाइट पर फॉर्म एवं दिशा—निर्देश के अधीन **प्रपत्र I** के अनुसार
- वेबसाइट पर फॉर्म और दिशा—निर्देश के अधीन **पैरा 6—iii** के अनुसार सभी स्रोतों से परिवार की वार्षिक आय की स्व—घोषणा
- पहचान के लिए उसके स्कैन किए हुए दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड
- उसके बैंक खाते के रद्द किए गए चैक की स्कैन की हुई प्रति या खाता नं. और बैंक आईएफएससी कोड की जांच के लिए छात्र के बैंक की पासबुक की प्रति
- 5/10/20 रु0 के नॉन—ज्यूडिशियल पेपर पर विधिवत रूप से नोटराइज़ किए गए उसके इस आशय के शपथ—पत्र की स्कैन की हुए प्रति कि वह किसी अन्य स्रोत से वित्तीय सहायता नहीं ले रहा है/रही है/नहीं ली है।
- उस परीक्षा विशेष के प्रवेश—पत्र की स्कैन की हुई प्रति
- उसकी रोल नं. स्लिप की स्कैन की हुई प्रति, साथ में उस परिणाम पृष्ठ की प्रति जिसमें उसका रोल नं. दर्शाया गया हो।

कैसे आवेदन करें:

- अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करना अपेक्षित है। केवल ऑनलाइन आवेदनों की अनुमति है। मैनुअल/पेपर आवेदनों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। अन्य तरीकों से भेजे गए आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा/कार्रवाई नहीं की जाएगी और इस संबंध में आगे कोई सूचना नहीं दी जाएगी।
- अभ्यर्थियों की अपनी एक व्यक्तिगत वैध ई—मेल आईडी होनी चाहिए। यह पूरी प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहनी चाहिए। पंजीकरण संख्या, पासवर्ड और अन्य सभी महत्वपूर्ण संचार इसी पंजीकृत ई—मेल आईडी पर भेजे जाएंगे (कृपया सुनिश्चित करें कि इस मेल बॉक्स में भेजी गई ई—मेल आपके जंक/स्पैम फोल्डर में न चली जाए)। अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जाता है कि वे मंत्रालय से किसी पत्र—व्यवहार के लिए अपनी ई—मेल को नियमित रूप से देखते रहें।

अभ्यर्थी को अपनी ई–मेल आईडी या पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ शेयर नहीं करना चाहिए।

- अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण प्रस्तुत करने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें। अभ्यर्थी द्वारा की गई कोई भी गलती अकेले उसी की जिम्मेदारी होगी।
- अभ्यर्थियों को विस्तृत अधिसूचना में निर्धारित तारीख और समय के भीतर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करना सुनिश्चित करना चाहिए।
- प्रथम, अभ्यर्थी को वैध ई–मेल आईडी के साथ रजिस्टर करना और सभी वांछित सूचना भरना होता है अर्थात् व्यक्तिगत ब्यौरें, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना, फिर 'सेव' बटन पर क्लिक करें, सफल रजिस्ट्रेशन के लिए एक मैसेज उत्पन्न होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद सिस्टम रजिस्ट्रेशन नं., आईडी और पासवर्ड उत्पन्न करेगा और अभ्यर्थी की पंजीकृत ई–मेल आईडी पर भेजेगा।
- रजिस्ट्रेशन के बाद अभ्यर्थी को आई–डी और पासवर्ड के साथ लॉगिन करना चाहिए और उसकी प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित सभी वांछित सूचना भरनी चाहिए और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करनी चाहिए। इसके बाद 'सब्मिट' बटन पर क्लिक करें। सफलतापूर्वक आवेदन होने पर एक मैसेज उत्पन्न होगा।
- आप अपने रिकॉर्ड के लिए अपने आवेदन का प्रिंटआउट ले सकते हैं।

जांच बॉक्सः–

☐ मैं सहमत हूं कि मैंने यूपीएससी/एसएससी/राज्य पीएससी या कोई अन्य परीक्षा पास करने पर विगत में इस योजना का लाभ नहीं लिया है।

☐ मैं यह घोषणा करता हूं/करती हूं कि सभी स्रोतों से मेरे परिवार की वार्षिक आय 6.00 लाख रु0 से अधिक नहीं है।

☐ मैं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 2(ग) के अधीन अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों में से एक से संबंधित हूं।

☐ यदि मेरे द्वारा की गई कोई घोषणा गलत पाई जाती है तो मुझे प्रदान की गई वित्तीय सहायता दांडिक ब्याज के साथ वसूल कर ली जाए और कानून के अनुसार कानूनी कार्रवाई शुरू की जाए। मैं अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को बिना किसी सूचना के मेरा आवेदन रद्द करने के लिए प्राधिकृत करता हूं।

टिप्पणीः–

कृपया नोट करें कि उपर्युक्त सूचना संपूर्ण आवेदन प्रक्रिया के दौरान प्रयोग की जाएगी, किसी भी परिस्थिति में कोई बदलाव/संशोधन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया आवेदन भरते समय सावधानी बरतें।